देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 276 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**कुछ गंभीर सवाल




# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 10 फरवरी 2022



मौसम | अधिकतम 15.0° | न्यूनतम 6.0° | 39243.39

2 रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दी धमकी

7 रोहित तीसरे स्थान पर काबिज

# उत्तराखंड में सशक्त भू–कानून बनाएगी भाजपा

## गडकरी ने जारी किया उत्तराखंड भाजपा का दृष्टि पत्र, सभी वर्गों पर फोकस

**संवाददाता**


देहरादून। भाजपा का चुनाव घोषणापत्र बुधवार को केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा जारी कर दिया गया। राजधानी देहरादून में इस दृष्टिपत्र का विमोचन किया गया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इसे जनता को समर्पित किया। कहा कि इसमें हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि ये देवों और वीर जवानों की भूमि है। दृष्टिपत्र उत्तराखंड के विकास की दृष्टि है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही उत्तराखंड में अच्छा काम हुआ है। हमने सात साल में 50 लाख करोड़ के काम किए हैं। इस देश में पैसे की कमी नहीं है, दृष्टि की कमी है।

भाजपा के घोषणा पत्र में कहा गया है कि चार धाम परियोजना का विस्तार किया जाएगा। मोक्षदा तीर्थ यात्रा योजना में वरिष्ठ नागरिकों को 10,000 रु. तक की सब्सिडी दी जाएगी। हरिद्वार बनेगा योग की अंतरराष्ट्रीय राजधानी। यहां वेद पाठशालाओं के लिए 1 करोड़ रु. दिए जाएंगे। पुलिस बल का उन्नतीकरण कर कानून व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज, सचल चिकित्सालय व डायलिसिस केंद्र खोले जाएंगे। किसानों को 8000 रु. सहायता राशि दी जाएगी। हर ब्लॉक में किसान मंडी खोली जाएगी। लव जिहाद पर रोक लगेगी। महिला थानों की संख्या दोगुनी होगी। युवाओं को कौशल विकास से स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। देवभूमि में खेल सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। स्मार्ट विलेज की परिकल्पना को साकार किया जाएगा। पूर्व सैनिकों को सीमावर्ती क्षेत्रों में बसने के लिए दी जाएगी मदद। 45 नए स्पाट टूरिज्म किए जाएंगे विकसित। छह हजार केंद्र और छह हजार राज्य सरकार देगी किसान सम्मान निधि। हर जिले में बनेगा मेडिकल कालेज। बीपीएल परिवार की मुखिया को तीन हजार। उत्तराखंड में सशक्त भू–कानून बनाएगी भाजपा।

गडकरी ने कहा कि भाजपा की सरकार आने से पहले गंगा की तरफ ध्यान नहीं दिया गया। गंगा हमारी आत्मा है। हमने गंगा को नमामि गंगे में अविरल बनाने के लिए काम किया है। गंगा हमारी आस्था है। हमारे चार धाम की यात्रा छह माह में होती थी। जब मैं मंत्री बना तो एक हादसा हुआ। हमने स्विट्जरलैंड से कंसल्टेंट बुलाए। उनको काम दिया। कहा कि पत्नी को वादा किया है कि पिथौरागढ़ से कैलाश मान सरोवर लेकर जाऊंगा।

**सभी पेड़ ट्रांसप्लांट होंगे**

उत्तराखंड की 12500 करोड़ की योजना 825 करोड़ में बनी। कहा कि राज्य में 176 किलोमीटर की सड़क में टनल का काम चल रहा है। चारधाम सड़क प्रोजेक्ट में एक भी पेड़ नहीं कटेगा। सभी पेड़ ट्रांसप्लांट होंगे। इसमें हम स्थानीय युवाओं को रोजगार देंगे। उन्हें पेड़ ट्रांसप्लांट करने की ट्रेनी देंगे।



**उत्तराखंड का इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका जैसे होगा**

कैलाश मानसरोवर और चार धाम की योजनाएं उत्तराखंड के लिए तोहफा हैं। कहा कि हमने 20 सड़क ऐसी बनाई हैं, जहां एयरफोर्स के सबसे बड़े जहाज उतर सकते हैं। टिहरी डैम से सी प्लेन से उड़ सकेंगे। उत्तराखंड में सात स्थानों पर रोपवे शुरू होने जा रहा है। केदारनाथ और हेमकुंड के रोपवे की डीपीआर बन चुकी है। उत्तराखंड का इंफ्रास्ट्रक्चर पांच साल के अंदर अमेरिका जैसे होगा।

**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअली जुड़े**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअली जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि शेरशाह सूरी के बाद देश में सड़कों का जो काम नितिन गडकरी ने किया, वह ऐतिहासिक है। यह दृष्टिपत्र न्यू उत्तराखंड के लक्ष्य की प्राप्ति में काम करेगा। इस दृष्टिपत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के हिसाब से सभी बिंदुओं पर जनता के सामने रखा है। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने कहा कि पार्टी ने एक ऐसे अनुभवी नेता को इस दृष्टिपत्र को तैयार करने की जिम्मेदारी दी थी, जिन्होंने उत्तराखंड को बतौर सीएम बेहतर समझा है। पूर्व सीएम निशंक की जिम्मेदारी में ये दृष्टिपत्र तैयार हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### मनीष सिसोदिया तीन दिन रहेंगे उत्तराखंड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

देहरादून। दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया अपने तीन दिवसीय दौरे पर कल उत्तराखंड पहुंचेंगे जहां वह 3 दिन अलग–अलग विधानसभाओं में जाकर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए डोर टू डोर,जनसभाएं और रोड शो करते हुए आम आदमी पार्टी की नीतियों से लोगों को रूबरू कराएंगे। आप प्रवक्ता उमा सिसोदिया ने बताया कि मनीष सिसोदिया जी 10 फरवरी को सबसे पहले खटीमा से अपने अभियान की शुरुवात शहीद स्थल से करेंगे।

### देश में कोविड टीकाकरण ने हासिल किया नया मुकाम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। देश में कोविड–19 संक्रमण के खिलाफ टीकाकरण अभियान जोरो पर हैं। इस बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने ट्वीट कर बताया कि 15 से 18 आयुवर्ग के एक करोड़ से अधिक बच्चों को कोविड वैक्सीन की दोनों डोज दी जा चुकी हैं।

# हिजाब पर जारी है सियासी हंगामा

## प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिका को कर्नाटक हाई कोर्ट ने बड़ी पीठ के पास भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरू। देश में हिजाब का मामला अब और गर्माता जा रहा है। हिजाब मामले पर आज कर्नाटक हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। स्कूल और कालेज मुस्लिम लड़कियों को कक्षा में हिजाब नहीं पहनने का आदेश दे सकते हैं या नहीं, इस पर फैसला कर्नाटक हाई कोर्ट ने बुधवार को एक बड़ी पीठ को दिया है। कर्नाटक हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति कृष्णा दीक्षित की एकल पीठ ने कालेजों में हिजाब पर प्रतिबंध को चुनौती देने वाली याचिकाओं को एक बड़ी पीठ के पास भेजा है।

न्यायाधीशों ने मामले को कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के नेतृत्व वाले न्यायाधीशों के एक पैनल को संदर्भित करते हुए कहा कि ये मामले व्यक्तिगत कानून के कुछ पहलुओं के मद्देनजर मौलिक महत्व के कुछ संवैधानिक प्रश्नों को जन्म देते हैं।

वहीं, इसके पहले कर्नाटक सरकार में मंत्री वी. सुनील कुमार ने कहा कि हमें हिजाब विवाद पर हाई कोर्ट के आदेश का सम्मान करना चाहिए। पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री सुनील कुमार ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि अगर यह सत्ता में आती है, तो कांग्रेस के नेता हिंदुओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य कर देंगे। कांग्रेस को सांप्रदायिक मानसिकता से बाहर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिद्धारमैया कहते हैं कि वह तिलक लगाने के खिलाफ हैं, वह धर्मांतरण विरोधी विधेयक का विरोध कर रहे हैं। वहीं, राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा कि हिंसा के लिए गिरफ्तार किए गए लोग बाहरी हैं न कि छात्र। प्रदेश में हो रही अप्रिय घटनाओं पर कार्रवाई शुरू की जाएगी।

बुधवार को इसमें देश–विदेश के दिग्गज नेता कूद पड़े। असदुद्दीन ओवैसी, प्रियंका गांधी, मलाला युसूफजई और तालिबान जहां हिजाब के पक्ष में खड़े नजर आए, वहीं यूपी के वरिष्ठ मंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पलटवार किए।

**तीन दिनों के लिए सभी हाई स्कूल और कालेज किए गए बंद**

हिजाब विवाद के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने राज्य में तीन दिनों के लिए सभी हाई स्कूल और कालेजों को बंद करने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कर्नाटक हाईकोर्ट के निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। मैं छात्रों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील करता हूं।

# उत्तराख़ंड में कोरोना से हुई पांच मरीजों की मौत

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना की रफ्तार कम हो गई है। आज बुधवार को कोरोना के 713 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, पांच मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। इसके साथ ही 2155 मरीजों ने कोरोना को मात देकर स्वस्थ्य भी हुए। राज्य में अभी 8235 सक्रिय मामले हैं।

**देहरादून में आए सबसे ज्ध्यादा 227 नए मामले:** स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, आज अल्मोड़ा में 35, बागेश्वर में 16, चमोली में 81, चंपावत में 13, देहरादून में 227, हरिद्वार में 107, नैनीताल में 48, पौड़ी गढ़वाल में 39, पिथौरागढ़ में 23, रुद्रप्रयाग में 48, टिहरी में 19, उधमसिंह नगर में 43 और उत्ध्तरकाशी में कोरोना 14 नए मामले सामने आए हैं। इधर, विभिन्न जिलों से 23 हजार 448 सैंपल कोरोना जांच को भेजे गए हैं।

**जानिए किस जिले में कितने कोरोना के सक्रिय मामले:** उत्तराखंड में कोरोना के सक्रिय मामलों में भी कमी आ गई है। अब राज्य में सक्रिय मामले नौ हजार से कम 8235 हैं। अगर जिलों की बात करें तो अल्मोड़ा में 147, बागेश्वर में 44, चमोली में 451, चंपावत में 632, देहरादून में 4245, हरिद्वार में 432, नैनीताल में 110, पौड़ी गढ़वाल में 1373, पिथौरागढ़ में 252, रुद्रप्रयाग में 351, टिहरी में 93, उधमसिंह नगर में 41 और उत्तरकाशी में 64 कोरोना के सक्रिय मामले हैं।

उधर हरिद्वार में जनपद में कोरोना संक्रमण के 71 मरीज मिले हैं। किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। 122 मरीज ठीक भी हो गए। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार धर्मनगरी हरिद्वार में सबसे अधिक 23 मरीज सामने आए हैं। रुड़की क्षेत्र में 8 कोरोना के मरीज पाए गए हैं। बहादराबाद क्षेत्र में 11, लक्सर में 2 केस मिले हैं।

**कोरोना अपडेट**

■713 नए मामले सामने आए, दून में आए सबसे ज्यादा 227 मामले

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

**Gadoli Media Ventures**

Contact: Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# अब कीचड़ से लथपथ सड़कों में फंस रहे प्रचार वाहन

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में विकास के वादे करने वाले नेतागण पहाड़ पर मूलभूत सुविधा तक नहीं दिला पाए हैं। जरा सा मौसम खराब हुआ कि सड़कें दलदल बन जाती हैं। बुधवार को बारिश से सड़क पर हुए दलदल में चुनाव प्रचार वाहन फंस गया। ऐसा लग रहा मानो सड़क नेताजी से बदला ले रही हो, यदि सड़क बनावाई होती तो आज प्रचार वाहन न फंसता।

राज्य बनने के बाद यह पांचवा विधानसभा चुनाव है। इन 22 वर्षों में कई सरकारें आईं और गईं, लेकिन क्षेत्र का विकास धरातल पर नहीं हो पाया। यहां की बदहाल सड़कें अब चुनाव प्रचार में रोड़ा बन रही हैं। चुनावी वर्ष होने के कारण सड़कें तो खुद गईं, लेकिन उनकी हालत नहीं सुधर पाई। अब कीचड़ से लथपथ सड़कों में प्रचार वाहन फंस रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी पहाड़ पर बीमार लोगों के लिए होती है।

दुर्गम में चिकित्सा की कोई अच्छी व्यवस्था नहीं है। गंभीर बीमारी क्या थोड़ी सी परेशानी में हल्द्वानी रेफर कर दिया जाता है।

**बारिश से सड़क पर हुए दलदल में चुनाव प्रचार वाहन फंसा**